# CROWN TOURS LIMITED

Dated: 07.04.2021

To,
The BSE Limited,
Department of Corporate Services,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400001

**Company Code:-538521**

**Sub: Copy of Advertisement Published in Newspaper(s)-Notice in Form No. INC-26**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 and any other applicable provisions of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, we hereby submit the copy of Newspapers advertisement published in "Times of India" (English) & "Dainik Amrit India" (Hindi) on 7th April, 2021 with regard to Notice in Form No. INC-26 - Change of Registered Office of the Company from the "State of Rajasthan" to the "State of Maharashtra".

This is for your information and records.

Thanking you

Yours faithfully,
For Crown Tours Limited

PJain

Poonam Jain
(Company Secretary cum Compliance Officer)

Encl.: As above

IATA

Recognised by
Govt. Of India
Dept. Of Tourism


Regd. & Corporate Office : Opp. Rajputana Sheraton Hotel, Palace Road, Jaipur - 302006 (Raj.)
CIN : L63040RJ1989PLC004942 Tel. : ++91- 141- 4156032, 4156064, 2363310
E-mail : jaipur@crownrajasthan.com, crownjaipur@gmail.com, finance@crownjaipur.org
Web. : www.crownrajasthan.com, www.crownjaipur.org

| BIKANER | JAISALMER | JODHPUR | UDAIPUR | AHMEDABAD |
|---|---|---|---|---|
| Tel. : 0151-2201124 | Tel. : 02992 - 252632, 251912 | Tel. : 0291 - 2643468 | Tel. : 0294 - 2423911 | Tel. : 079 - 26440136 |

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा स्थापना दिवस मनाया



**जयपुर।** भाजपा जल महल मंडल अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ जी ने बताया आज भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष में भाजपा जल महल मंडल द्वारा वर्चुअल माध्यम से माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी का लाइव संबोधन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर दुपट्टा पहनाकर एवं श्रीफल देकर सम्मान करा गया, एवं सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने घर पर जाकर भाजपा झंडा लगाने का आग्रह किया गया, कार्यक्रम में हवा महल विधानसभा पूर्व विधायक सुरेंद्र जी पारीक, वार्ड 20 पार्षद रामकिशन जी, मंडल पूर्व पदाधिकारी, एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, एवं जल महल मंडल के सभी वार्डों में लाइव संबोधन का कार्यक्रम किया गया।

### आवासन मंडल की उपलब्धियों का अध्ययन करने आई आगरा विकास प्राधिकरण की टीम

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मंडल की उपलब्धियों का अध्ययन करने सोमवार को आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र पेंसिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम आई, जिसने आवासन मंडल की कार्यशैली, संचालित योजनाओं और प्रोजेक्टों का अध्ययन किया। मंडल मुख्यालय स्थित बोर्ड रूम में आवासन आयुक्त श्री पवन अरोडा ने आगरा विकास प्राधिकरण की टीम को विस्तार से राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा अल्प समय में अर्जित की गई उपलब्धियों से अवगत करवाया। श्री पवन अरोडा ने टीम को मण्डल द्वारा संचालित योजनाओं और प्रोजेक्टों के बारे में बताते हुए मण्डल की कार्यशैली से भी अवगत करवाया। आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेंसिया ने कहा कि आयुक्त पवन अरोड़ा के नेतृत्व में जिस तरह आवासन मंडल को रिवायव किया गया है, वह हमारे लिए केस स्टडी है। आगरा विकास प्राधिकरण को आगे बढ़ाने के लिए मंडल की तर्ज पर कार्य किए जाएंगे।

### 9 दिन में एक्टिव केसों की संख्या दोगुना हुई, पॉजिटिविटी रेट 5.12 प्रतिशत

**जयपुर।** राजस्थान में एक्टिव केसों की संख्या पिछले 9 दिनों में दोगुना हो गई है। 28 मार्च को 7794 एक्टिव केस थे, जो सोमवार को बढ़कर 14 हजार 768 पर पहुंच गए। अप्रैल में पॉजिटिविटी रेट 5.12त्न पहुंच गया। मार्च में ये 2.11त्न था यानी दोगुना से भी कम। अब तक राज्य में कोरोना से 3 लाख 41 हजार 754 लोग संक्रमित हो चुके हैं। 2,841 मरीजों की जान जा चुकी है। हालात देखते हुए कई जिलों में सामान्य अस्पतालों को अब फिर से डेडिकेटेड कोविड अस्पताल में तब्दील करना शुरू कर दिया गया है। जोधपुर कलेक्टर और पुलिस आयुक्त ने सोमवार से ही रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। सोमवार को पूरे राज्य में 2429 नए मरीज मिले हैं। इस साल एक दिन में आए केसों की ये सबसे बड़ी संख्या है। सोमवार को 12 लोगों की जान संक्रमण से गई। केस बढ़ने के साथ ही अब गंभीर मामले भी सामने आ रहे हैं। अस्पतालों पर लोड बढ़ रहा है। जयपुर के सबसे बड़े कोविड डेडिकेटेड अस्पताल क्र॥स्र (राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय) में 190 से ज्यादा मरीज भर्ती हैं।

### राजस्थान में पच्चीस किलो से अधिक अफीम बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर।** राजस्थान में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर इकाई ने दौसा जिले में एक ट्रक चालक से पच्चीस किलो से अधिक अफीम की खेप बरामद की है। एनसीबी के अनुसार यह बड़ी खेप दौसा के कैलाई गांव के बस स्टैंड पर सोमवार को एनसीबी टीम ने एक ट्रक की तलाशी लेने पर अलग अलग थेलों में रखी 25 किलो 560 ग्राम अफीम बरामद हुई। इस मामले में ट्रक चालक रमेश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बाड़मेर जिले में पचपदरा क्षेत्र के उमरलाई गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यह खेप पाली ले जा रहा था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया जहां उसे पन्द्रह दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एनसीबी ब्यूरो को जानकारी मिली थी कि झारखंड से अफीम की बड़ी खेप ट्रक के जरिए राजस्थान आ रही है। ट्रक के नम्बर जोधपुर के होने के आधार पर टीम ने दौसा जिले में ट्रक को पकड़ लिया।

### राजस्थान में कोरोना के 2429 नये मामले, 12 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के 2429 नये मामले सामने आने के साथ ही इसकी संख्या बढ़कर आज तीन लाख 41 हजार 754 हो गई है वहीं 12 संक्रमितों की मौत हो गई। चिकित्सा निदेशालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में सर्वाधिक 528 नये मामले राजधानी जयपुर में सामने आये है। इसके अलावा जोधपुर में 320, कोटा में 280, उदयपुर में 198, डूंगरपुर में 124 और चित्तौडगढ़ में 113 नये मामले सामने आये है। इसी प्रकार अलवर में 83, बांसवाड़ा में 58, भीलवाड़ा में 63 और पाली में 68, अजमेर में 45, बाड़मेर एवं बारां में 17,-17, भरतपुर , श्रीगंगानगर में 25-25, बीकानेर में 43, बूंदी में 19, चुरू में चार, दौसा में 13, हनुमानगढ़ में 30, जैसलमेर में 10, जालौर में 32, झालावाड़ में 34, झुंझुनू में सात, करौली में तीन, नागौर में 46,प्रतापगढ़ में 14, सवाई माधोपुर में नौ, सीकर में 35, टोंक में 12 नये मामले सामने आये है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में धौलपुर को छोड़कर सभी जिलों में कोरोना के नये मामले आए हैं।

### सुविवि ने किया देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के साथ किया एमओयू

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय सुविवि तथा योग के प्रसिद्ध देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के मध्य शैक्षणिक गतिविधियों के उन्नयन, योग विज्ञान, योग चिकित्सा, भारतीय संस्कृति, भारत की विरासत, पर्यटन, प्रबंधन, कृषि विकास, पर्यावरण,समग्र स्वास्थ्य, आदिवासी एवं जनजातीय रोजगार. स्वाबलंबन तथा आयुर्वेद के ज्ञान विज्ञान के विकास इत्यादि विषयों पर सहयोग के लिए एक एमओयू किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ कुंजन आचार्य ने बताया कि इस एमओयू पर मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अमेरिका सिंह एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रणव

कोरोना गाइड लाइन की सख्ती से पालना कराएं

# संक्रमण में तेजी चिंताजनक एवं डराने वाली : गहलोत

**जयपुर/एजेंसी।**





मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राजस्थान में एक दिन में 2 हजार 429 कोरोना पॉजिटिव केसेज का आना तथा पूरे देश में इस आंकड़े का एक लाख को पार कर जाना अत्यंत चिंताजनक है। प्रदेश में एक ही दिन में संक्रमित रोगियों की संख्या में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी के ये आंकड़े डरावने हैं। इनमें और भी बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने चेताया कि कोरोना की दूसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार और अधिक कड़े कदम उठा सकती है और सभी लोगों को इसमें सहयोग करना पड़ेगा। श्री गहलोत सोमवार देर रात मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोविड-19 के संक्रमण, नियंत्रण के लिए रणनीति बनाने तथा वैक्सीनेशन की स्थिति पर वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों, संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों तथा जिला स्तर के अधिकारियों के साथ लगभग ढाई घंटे तक विस्तृत चर्चा कर रहे थे। इस महत्वपूर्ण बैठक को फेसबुक, यूट्यूब सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से लाइव प्रसारित किया गया। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान संभागीय आयुक्त, पुलिस कमिश्नर, जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीएमएचओ, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, जिला अस्पतालों के पीएमओ एवं अन्य अधिकारियों से संवाद किया। इस लाइव प्रसारण से 4 लाख से अधिक लोग जुड़े तथा करीब 30 हजार लोगों ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आमजन से कोरोना संक्रमण की स्थिति के संदर्भ में हैल्पलाइन 181 तथा 0141-2922272 पर सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं आमंत्रित की। श्री गहलोत ने प्रदेश में सोमवार को एक ही दिन में 5.44 लाख लोगों को टीका लगाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए अभियान में जुटे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सा कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की यह बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि एक दिन में वैक्सीनेशन की यह देश के सभी राज्यों में सबसे बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान की गति में हमें और तेजी लाना है। तभी हम कोरोना के प्रसार को नियंत्रित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगने के बाद भी मास्क पहनने सहित हैल्थ प्रोटोकॉल के अन्य नियमों की पालना करना भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जल्द से जल्द और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को टीका लगाकर प्रदेश को कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर की भयावहता से बचाया जाए। इसके लिए उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों, अन्य कार्मिकों तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण देख रहे आमजन विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे स्वयं और अपने आस-पास मौजूद 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें।

श्री गहलोत ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कोरोना गाइड लाइन की पालना करवाने के लिए पूरी सख्ती बरतें। सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनने तथा उचित दूरी के नियमों की अवहेलना करने पर जुर्माने के साथ-साथ प्रतिष्ठानों को 72 घण्टे तक सीज करने जैसे कदम उठाने में कोई कोताही नहीं बरती जाए।

## ढाई महीने बाद जेल से बाहर आएगी जिया

**अलवर/एजेंसी।** गैंगस्टर पपला गुर्जर की गर्लफ्रेंड जिया की ढाई महीने के बाद जमानत मिली। जिया को गैंगस्टर पपला गुर्जर के साथ महाराष्ट्र के कोल्हापुर से 28 जनवरी को गिरफ्तार किया था। जिया 4 फरवरी से अलवर जेल में बंद है। मंगलवार को जयपुर हाईकोर्ट ने जिया की जमानत याचिका मंजूर कर ली। इसके बाद जिया अगले एक या दो दिन में जेल से बाहर आ जाएगी। जिया के वकील अंकित गर्ग और महेश गुप्ता ने बताया-जिया कोल्हापुर में जिम ट्रेनर थी। पपला गुर्जर भी उसी जिम में जाने लगा था। 13 दिसंबर को दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। यहीं दोनों में नजदीकियां बढ़ीं। पपला ने जिया को बताया था कि वह रॉयल फैमिली से है। यहां बिजनेस के सिलसिले में आया था। अभी लॉकडाउन की वजह से वह इधर रुका हुआ है। जबकि, मकान मालिक को पपला ने कहा था कि वे तो सिर्फ फिटनेस के लिए राजस्थान से यहां आया है। इसके बाद पपला के बताए



अनुसार जिया उसके प्रेम जाल में फंसती चली गई। इसके अलावा जिया की कोई भूमिका नहीं है। वकील ने बताया कि हाईकोर्ट से जिया को जमानत भी इसी आधार पर मिली है कि कोई अनजाने में किसी के साथ रहने लग जाए तो उसका दोष कैसे हो सकता है?

## श्रमिक हितों के सरंक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : श्रम राज्य मंत्री

**जयपुर/एजेंसी।**

श्रम राज्य मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री जूली मंगलवार को यहां श्रम भवन के सभागार में केन्द्रीय श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा श्रमिकों के हित में दिये गये सुझाव एवं मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही शीघ्र करने के लिए भी आश्वस्त किया। श्री जूली ने श्रम संगठनों के साथ श्रम सचिव के स्तर पर प्रत्येक दो माह मे एवं श्रम राज्य मंत्री के स्तर पर हर तीन महिने में बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। श्रम राज्य



मंत्री ने विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अब तक की गई पालना की भी बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है विभाग में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनियमितता करने वालों पर विभाग द्वारा कठोर कार्यवाही की जा रही है। अब तक 56 ई- मित्रा संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। हाल ही में भी एक ई- मित्रा संचालक के विरूद्ध एफ.आई. आर. दर्ज करवाई गई है। इस दौरान श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने न्यूनतम मजदूरी का पुन: परीक्षण करवाने, स्टैंडिंग आर्डर हिन्दी में जारी करवाने, श्रम कानूनों पर देश भर के श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों की सेमीनार आयोजित करवाने तथा श्रमिकों के भुगतान सहित अन्य परिलाभ समय पर दिये जाने के सुझाव दिये।

## जयपुर एयरपोर्ट पर 461 ग्राम सोने के साथ पकड़ाया मजदूर

**जयपुर/एजेंसी।**

जयपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार को सोना तस्करी का एक और मामला पकड़ा गया। एक मजदूर जूसर (दही, शेक बनाने वाली डेजर्ट मेकर) की मोटर के नीचे मेटल के अंदर सोना छिपाकर लाया था। उसे सुबह कस्टम ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। सोने का वजन लगभग 461 ग्राम और कीमत 21.36 लाख रुपए है। विभाग ने सोने को जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह सोना अगर बाजार में बेचता तो उसे 156740 रुपए का फायदा होता। गोल्ड की तस्करी का सबसे बड़ा कारण 7.5त्न इंपोर्ट डयूटी की सेविंग है। इसके अलावा दूसरा बड़ा कारण सोने की शुद्धता है। दुबई में 24 कैरेट सोने का भाव वर्तमान में 4181 रुपए प्रतिग्राम है। भारत में



दुबई से सोना लाने पर 7.5त्न डयूटी लगती है। इस डयूटी को बचाने के लिए तस्कर बड़ी मात्रा में सोना यहां लाते हैं। एक ग्राम पर लगभग 340 रुपए की बचत होती है। अगर कोई व्यक्ति दुबई से 100 ग्राम सोना भी चोरी छिपे लेकर आता है तो उसे 34 हजार रुपए बचते हैं। कस्टम के अतिरिक्त आयुक्त एम.एल शेरा ने बताया कि पकड़े गए युवक की उम्र 23 साल है। वह द्वारका गुजरात का रहने वाला है। दुबई में शिप पर सामान की लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता है। दुबई में ही एक व्यक्ति ने उसे ये मशीन दी और कहा था कि एयरपोर्ट पर एक व्यक्ति तुम्हें मिलेगा, वह तुम्हें पहचान लेगा। तुमसे मशीन लेगा और बदले में 1000 रुपए भी देगा। उसी व्यक्ति ने युवक का एयर टिकट भी करवाया।

## कोरोना केस बढ़ने पर अब स्कूलों पर पाबंदी

**जयपुर/एजेंसी।** कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार अब शहरों से सटे ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में भी एक से 9वीं तक की कक्षाओं को बंद करने पर विचार कर रही है। मौजूदा गाइडलाइन में शहरी क्षेत्र के पहली से 9वीं तक स्कूल बंद हैं। लेकिन ग्रामीण इलाकों के स्कूल खुले हैं। अब शहरों की परिधि में आने वाले ग्रामीण स्कूलों में भी पहली से 9वीं तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों को नहीं बुलाने पर विचार हो रहा है। इस पर सरकार जल्द फैसला करने वाली है। गृह विभाग मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद जल्द आदेश जारी करेगा। सरकार ने दो दिन पहले नई गाइडलाइंस जारी कर सिनेमा हॉल, क्लब, स्वीमिंग पूल को बंद करने के आदेश दिए थे। साथ ही शहरों क्षेत्रों में पहली से 9वीं कक्षा और कॉलेजों में यूजी-पीजी फाइनल को छोड़ बाकी कक्षाओं को बंद करने के आदेश दिए थे। अब सामने आया है कि शहरों के पास के गांवों में ऐसे कई स्कूल हैं जहां



बहुत से बच्चे शहरों से पढ़ने जाते हैं। इस वजह से संक्रमण की आशंका बनी हुई है। सोमवार देर रात मुख्यमंत्री की कोरोना समीक्षा बैठक में भी इस मुद्दे पर विचार किया गया। चिकित्सा राज्य मंत्री सुभाष गर्ग ने बैठक में यह मुद्दा उठाया।

### अजमेर शहर में बिजली के मदार उपखंड कार्यालय में केवल महिला कर्मचारी

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन अजमेर शहर के मदार उपखंड कार्यालय को बुधवार से केवल महिला कर्मचारी ही संचालित करेगी। अब कार्यालय महिलाओं के अधिकार में होगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रेलर को मारी टक्कर, दोनों वाहनों में लगी आग

**कोटा/एजेंसी।** शहर के उधोगनगर थाना इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रेलर को टक्कर मार दी और ट्रेलर व ट्रक में आग लग गई। आग लगने से ट्रेलर में फंसा कंडक्टर जल गया। जबकि उसके दूसरे साथी को हल्की चोट आई है। वहीं ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। आग लगने की सूचना पर निगम की दमकल मौके पर पहुंची। आग बुझाकर केबिन में फंसे कंडक्टर को बाहर निकाला गया। शव को स्ब्र्क्र की मॉर्चरी में शिफ्ट कराया गया। ट्रेलर में मार्बल भरा हुआ था, वो राजसमंद से ओडिशा जा रहा था। जबकि ट्रक में चीकू भरे हुए थे, ट्रक अनन्तपुरा की ओर से आ रहा था। ट्रक का ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। आग लगने की सूचना पर निगम की दमकल मौके पर पहुंची। ट्रक का ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। आग लगने की सूचना पर निगम की दमकल मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक घटना देर रात लगभग ढाई बजे की है। डीसीएम श्रीराम



रेंयस के पास से ट्रेलर गुजर रहा था। अचानक खराबी होने के कारण ट्रेलर सड़क किनारे गड्ढे में रुक गया। ट्रेलर में खराबी होने के कारण ट्रेलर चालक, ड्राइवर साइड से सड़क पर उतरा। उसके पीछे पीछे कंडक्टर भी ड्राइवर साइड से नीचे उतर रहा था।

जेकेके में राजस्थान दिवस पर आयोजित सात दिवसीय एग्जीबिशन का समापन

## अनुपम कृतियों में रंगों का अद्भुत संयोजन : डॉ. कल्ला

**जयपुर/एजेंसी।**
कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने राजस्थान दिवस के मौके पर जवाहर कला केन्द्र में आयोजित प्रदर्शनियों में कलाकारों और छायाकारों की कृतियों को अनुपम और विशिष्ट प्रकार की बताते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की है। डॉ. कल्ला ने कहा कि सभी कलाकारों ने अद्भुत कलाकृतियां बनाई है, जिनमें बड़ी बारीकी के साथ रंगों का संयोजन किया है। सभी छायाचित्र, कलाकृतियां और पेंटिंग्स नव कलाकारों के लिए प्रेरणादायी और उपयोगी है। डॉ. कल्ला ने सोमवार को जेकेके की सुकृति, सुरेख, अलंकार एवं सुदर्शन कला दीर्घाओं में राजस्थान दिवस के मौके पर आयोजित 'विहंगम राजस्थान-छायाचित्र प्रदर्शनी', 'सोणो



राजस्थान कला-प्रदर्शनी' और चित्र एवं मूर्तिशिल्प शिल्प प्रदर्शनियों के समापन अवसर पर ये उद्गार व्यक्त किए। कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री ने मौके पर मौजूद कलाकारों, छायाकारों एवं कला मर्मज्ञों से पेंटिंग्स और छायाचित्रों के कला पक्ष पर संवाद भी किया। डॉ. कल्ला ने इस दिवसीय प्रदर्शनी के आयोजन के लिए कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग, ललित कला अकादमी और पर्यटन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दी। इस मौके पर कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग की शासन सचिव श्रीमती मुग्धा सिन्हा, ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष एवं प्रदर्शनी अधिकारी श्री विनय शर्मा के अलावा कलाकार, छायाकार एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे।

**कम्पनी सूचना**

**फार्म नं. INC-26**
**[कम्पनी (इन्कार्पोरेशन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]**

केन्द्रीय सरकार के (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिम क्षेत्र, अहमदाबाद) समक्ष एवं कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अनुभाग (4) **तथा** कम्पनी (इन्कार्पोरेशन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में **तथा क्राउन टूर्स लिमिटेड**, पंजीकृत कार्यालय – **राजपूताना शैरेटन होटल के सामने, पैलेस रोड, जयपुर, राजस्थान–302006.**

**...याचिकाकर्ता**

एतदद्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि कम्पनी द्वारा 01.04.2021 को कम्पनी के सदस्यों द्वारा पोस्टल बैलोट के माध्यम से पारित विशेष प्रस्ताव के अन्तर्गत कम्पनी के संगम ज्ञापन में परिवर्तन की पुष्टि करते हुए इसके पंजीकृत कार्यालय को राजस्थान से महाराष्ट्र राज्य में स्थानांतरित करने हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार को आवेदन करना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसके हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होना संभावित हो, वह **MCA-21** पोर्टल **(www.mca.gov.in)** पर निवेशक शिकायत फार्म भरे अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिम क्षेत्र, आरओसी भवन, रूपल पार्क सोसाइटी के सामने, अंकुर बस स्टैण्ड के पीछे, नारानपुरा, अहमदाबाद–380013 को एक शपथ पत्र सहित अपने हित की प्रकृति तथा विरोध का कारण बताते हुए इस सूचना के प्रकाशन से 14 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से भेजें जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के निम्नांकित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जावे : **पंजीकृत कार्यालय : राजपूताना शैरेटन होटल के सामने, पैलेस रोड, जयपुर, राजस्थान–302006.**

**आवेदक के लिए या उसकी ओर से**
**ह./–**
**(भरत राज भंडारी)**
प्रबंध संचालक
**DIN : 00131015**
**दिनांक** : 06.04.2021 **स्थान** : जयपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सपादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653** (RNI No. RAJHIN/2004/12833)